13-4-23	पत्रावली पेश हुई। उभयपक्ष के वकील उपस्थित। प्रकरण में उभयपक्ष की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थीगण ने अपनी बहस में निवेदन किया कि पूर्वजों से चली आ रही पैतृक सम्पत्ति का घोषणात्मक दावा किया हुआ है, पिता द्वारा अपने हिस्से से अधिक भूमि का बेचान कर दिया, जो अवैध है। प्राधिकृत अभिकर्ता (पॉवर ऑफ अटार्नी) के जरिये (आधार पर) दावा किया है। वाद बाहुल्यता न बढ़े, इस हेतु मूल वाद के निस्तारण तक अस्थायी निषेधाज्ञा को कन्फर्म किया जावे। इसी क्रम में वकील अप्रार्थीगण ने बहस में निवेदन किया कि वादीगण को अपने

न्यायालय उपखण्ड [illegible] (अजमेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Sukha Ram Pindel
Date: 2023.08.24 13:45:27 IST
Reason: SelfAttested

पिता के जीवनकाल में खातेदारी अधिकार प्राप्त करने का कोई अधिकार नहीं है, पूर्व में न्यायालय द्वारा निर्णय एवं डिक्री पारित करने के पश्चात डिक्री का राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद करने के पश्चात खातेदारों द्वारा राजी खुशी बैचान किया है। वादग्रस्त भूमि का बैचान जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख से किया गया है, इस कारण राजस्व न्यायालय को सुनवाई का अधिकार नहीं है, इसलिए प्रार्थीगण को सिविल न्यायालय में कार्यवाही करनी चाहिये।

मैने पत्रावली का अध्ययन, अवलोकन किया एवं उभयपक्ष बहस पर मनन किया। अस्थाई निषेधाज्ञा के तीनों बिन्दु प्रथम दृष्ट्या मामला, सुविधा का सन्तुलन एवं अपूरणीय क्षति प्रार्थीगण के पक्ष में सिद्ध होते है। तदनुसार प्रार्थीगण का प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 का स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाकर ग्राम मोरड़ी के ख.नं. 194 रकबा 5 बीघा, ख.नं. 254/1 रकबा 00-06-13 बीघा, ख.नं. 194/1 रकबा 5 बीघा, ख.नं. 194/2 रकबा 5 बीघा, ख.नं. 254/5 रकबा 00-06-14 बीघा व ख.नं. 254/6 रकबा 0-06-13 बीघा भूमि में प्रार्थीगण के हक हिस्से तक रिकॉर्ड एवं मौके की यथास्थिति बनाये रखने हेतु अप्रार्थी सं. 1 लगायत 5 को मूल वाद के निस्तारण तक [illegible] पाबंद किया जाता है।

निर्णय आज [illegible] को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कमती हो।

13.4.23

उपखण्ड अधिकारी
रूपनगढ़ (अजमेर)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रूपनगढ़ (अजमेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Sukha Ram Pindel
Date: 2023.08.24 13:45:27 IST
Reason: SelfAttested